कार्यालय–अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी,
वन संरक्षण, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।
E-Mail ID: nodalofficerddn@gmail.com, Phone/Fax: 0135 2767611

पत्रांक– 379 /12–1 देहरादूनः दिनांकः 24 अगस्त, 2023

सेवा में,

वन संरक्षक,
उत्तरी कुमाऊँ वृत्त,
उत्तराखण्ड, अल्मोड़ा।

विषय :– जनपद–बागेश्वर के अन्तर्गत स्याली से इंडिया मनाखेत के मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 1.763 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन।

सन्दर्भ :– भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून की पत्र संख्या–8बी/यूसीपी/06/06/2023/एफ0सी0/1519 दिनांक 19–07–2023 एवं आपकी पत्र संख्या–136/12–1 दिनांक 19.7.2023

महोदय,

उपरोक्त विषयक क्रम में भारत सरकार द्वारा वांछित 04 बिन्दुओं की सूचना आपके सन्दर्भित पत्र द्वारा इस कार्यालय को उपलब्ध करायी गयी है, जो कि औचित्यपूर्ण नहीं है। अतः निम्नानुसार बिन्दुवार औचित्यपूर्ण सूचना इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें :–

i. **बिन्दु संख्या–2** के क्रम में भारत सरकार द्वारा मानाखेत को मौजूदा मोटर मार्ग से जोड़ने हेतु लिखा गया था, परन्तु आपके द्वारा प्रेषित सूचना में उक्त के सम्बन्ध में कोई भी टिप्पणी नहीं की गयी है। उक्त के सम्बन्ध में औचित्य पूर्ण आख्या उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

ii. **बिन्दु संख्या–3** के क्रम में मलवा निस्तारण Quantity एवं चयनित मलवा निस्तारण Capacity में भिन्नता है। इस सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट करते हुये भारत सरकार द्वारा चाही आख्या अनुरूप संशोधित मलवा निस्तारण योजना इस कार्यालय को उलपब्ध कराना सुनिश्चित करें।

iii. **बिन्दु संख्या–4** के क्रम में भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित मोटर मार्ग की चौड़ाई को कम करने हेतु लिखा गया है, परन्तु आपके द्वारा प्रेषित आख्या में मार्ग की चौड़ाई कम करने हेतु कोई टिप्पणी नहीं की गयी है। अतः प्रस्तावित मोटर मार्ग की चौड़ाई को कम करते हुये संशोधित आख्या इस कार्यालय को प्रेषित करने का कष्ट करें।

अतः उपरोक्तानुसार बिन्दु संख्या–2, 3 एवं 4 की औचित्यपूर्ण सूचना शीघ्रातिशीघ्र इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि सूचना ससमय भारत सरकार को अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा सके।

भवदीय,

(आर0के0 मिश्र)
अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी,
वन संरक्षण, देहरादून।

संख्या :– 379 / FP/UK/ROAD/47031/2020 दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1- प्रभागीय वनाधिकारी, बागेश्वर वन प्रभाग, बागेश्वर।
2- अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, बागेश्वर।

(आर0के0 मिश्र)
अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी,
वन संरक्षण, देहरादून।